19. मुहावरे

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। इसके द्‌वारा भाषा में अनोखापन आ जाता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को मुहावरों का अर्थ समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 105 पर दिए मुहावरों के उदाहरणों को पढ़ें। दाँत खट्‌टे करना, प्राण सूखना, नौ-दो ग्यारह होना इन मुहावरों के अर्थ समझाएँ।
- ❖ बच्चों से इन मुहावरों का कोई अन्य वाक्य प्रयोग करने को कहें।
- ❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 105-108 पर दिए मुहावरों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चे पाठ विषय समझ पा रहे हैं।
- ❖ बच्चों से कुछ अन्य मुहावरे पूछें जो वे अपनी बातचीत के दौरान प्रयोग में लाते हैं।
- ❖ बच्चों द्‌वारा किए गए अभ्यास जाँचें।